आपको अपना COVID वैक्सीन कार्ड मिल गया है: *अब आगे क्या करना है?*



जब आप अपना COVID-19 वैक्सीन लगवा लेते हैं, तो आपको इसे प्रमाणित करने के लिए एक वैक्सीनेशन कार्ड दिया जाता है। इसे सुरक्षित रखें! इसे आपको अपने क्रेडिट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट की तरह संभाल कर रखना चाहिए। आपका कार्ड केवल एक शेड्यूलिंग रिमाइंडर मात्र नहीं है: यह एक आधिकारिक रिकॉर्ड है जिसकी जरूरत आपको यात्राओं, इवेंट में शामिल होने और बाद में बूस्टर खुराक लेने के लिए हो सकती है।

वाशिंगटन के कई व्यवसायी अब उन लोगों को भत्ता प्रदान कर रहे हैं जो पूर्ण वैक्सीनेशन का प्रमाण प्रदान करते हैं जैसे कि छूट, मुफ़्त चीज़ें या इवेंट्स में पसंदीदा स्थान पर बैठने की जगह। अपने वैक्सीनेशन कार्ड को सुरक्षित रखें ताकि आप इन विशेष ऑफ़र का लाभ उठा सकें।

वैक्सीनेशन कार्ड को संभाल कर रखने हेतु आपके लिए कुछ उपयोगी सुझाव यहां दिए जा रहे हैं, जिनके बारे में आपको विशेष ध्यान देना चाहिए:

- **खुराक लेने के दौरान और उसके बाद की प्रक्रिया के लिए अपने वैक्सीनेशन कार्ड को** संभाल कर रखना जरूरी है।
- **अपने कार्ड के आगे और पीछे की तस्वीरें लेकर उनकी डिज़ीटल कॉपी बनाकर मोबाइल फ़ोन में अपने साथ रखें। इसे अपने ई-मेल पर भेजकर एक एलबम बनान लें, या फ़ोटो के रूप में सुरक्षित करके रखें ताकि जरूरत पड़ने पर आप इसे आसानी से ढूंढ सकें।**
- **यदि आप इसे अपने साथ रखना चाहते हैं तो इसकी एक** फोटोकॉपी बनाकर रख लें।

- **इसे इधर-उधर न फेंकें** बल्कि इसे संभाल कर रखें।!
- वैक्सीनेशन को दिखाते हुए अपने वैक्सीनेशन कार्ड की सेल्फ़ी ऑनलाइन **पोस्ट न करें** इसके बजाय एक सेल्फी लेकर हमारे #vaccinateWA या #wadoh पर खोजकर डिज़ीटल स्टीकर्स का उपयोग करें! @WADeptHealth को टैग करना याद रखें।
- **अपने** असल कार्ड को **लेमिनेट न करें।** फोटोकॉपी करवाकर एक लेमिनेट कॉपी अपने साथ रख सकते हैं।

यदि आपके पास अपना रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र(CDC) वैक्सीनेशन कार्ड नहीं होगा, तो क्या होगा?

यदि आपका कार्ड गुम गया है या खो गया है, तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है! आप अपना नि:शुल्क COVID-19 वैक्सीनेशन आधिकारिक, सत्यापित प्रमाण-पत्र ऑनलाइन भी प्राप्त कर सकते हैं। MyIR वाशिंगटन स्टेट में वैक्सीनेशन प्रमाण प्राप्त करने हेतु एक सरकारी वेबसाइट है। आप अपनी कॉपी प्राप्त करने के लिए www.MyIRMobile.com या wa.MyIR.net पर जाएं और नि:शुल्क साइन अप करें। यदि MyIR पर आपका पहले से ही अकाउंट है तो आप पूरी तरह तैयार हैं!

**कृपया ध्यान रखें कि MyIR के माध्यम से आपके तत्काल रिकॉर्ड सत्यापन संभव नहीं है, वर्तमान में केवल अंग्रेजी भाषा में ही उपलब्ध है।*

अपने रिकॉर्ड प्राप्त करने में भाषाई सहायता, या अन्य किसी मदद के लिए, आप नियमित व्यावसायिक घंटों के दौरान वॉशिंगटन स्टेट ऑफिस ऑफ इम्युनाइजेशन एंड चाइल्ड प्रोफाइल (Office of Immunization and Child Profile) पर जाकर 360-236-3595 नंबर पर कॉल कर सकते हैं या waiisrecords@doh.wa.gov पर ईमेल करके संपर्क कर सकते हैं।

Washington State Department of Health

DOH 348-809 May 2021 Hindi
किसी दूसरे फॉर्मेट में यह डॉक्यूमेंट पाने के लिए, 1-800-525-0127 पर कॉल करें। बहरे या कम सुनने वाले ग्राहक, कृपया 711 (Washington Relay) पर कॉल करें या civil.rights@doh.wa.gov पर ईमेल करें।